29- Dec -JASHPUR-BHOOMI-pg-1_Layout 1 12/29/2023 8:28 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 30 दिसंबर 2023
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 14.2 डिग्री
न्यूनतम 7.2 डिग्री

4
प्लेसमेंट कर्मचारियों को मिलेगा बढ़ा वेतन, एनआईसी में निर्णय



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय
सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैंड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

## खबर संक्षेप

### पैसा नहीं देने पर पत्नी को उतारा मौत के घाट, गया जेल

**सूरजपुर/सोनगरा।** खाने पीने के लिए पैसा नहीं देने से नाराज हुए पति ने न सिर्फ पत्नी के साथ मारपीट किया बल्कि बांस के डंडे से जानलेवा हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी लगते ही खड़गवां पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आज आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।
जानकारी के अनुसार ग्राम पंडरीडांड झिंगादोहर निवासी देवनाथ पण्डो आ. स्व. राम दुलारी पण्डो (30 वर्ष) बुधवार को पत्नी सोनमेत (28 वर्ष) से खाने पीने के लिए पैसा की मांग कर रहा था। पत्नी सोनमेत ने पैसा नहीं होने की बात कहकर पैसा देने से इंकार दी। पैसा नहीं मिलने से नाराज हुए पति ने विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने बांस के डंडे से पत्नी की बेदम पिटाई कर दिया जिससे सोनमेत की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर शिव प्रसाद पण्डो ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### खण्डहर में मादा भालू ने दिया दो शावकों को जन्म

**अम्बिकापुर।** वन विकास निगम के पार्वतीपुर जंगल से सटे एक खण्डहर में मादा भालू ने दो शावकों को जन्म दिया है। सूचना पर निगम के अधिकारियों ने शावकों की निगरानी के लिए वनकर्मियों को तैनात किया है। वनकर्मी नियमित शावकों की निगरानी कर रहे हैं। वन विकास निगम के अंतर्गत रामानुजनगर परिक्षेत्र के पार्वतीपुर बीट में एक सप्ताह पूर्व एक मादा भालू ने दो शावकों को जन्म दिया है। जंगल किनारे बना ग्रामीण का घर लम्बे समय से खाली पड़ा है तथा देख-रेख के अभाव में खण्डहर बन गया है। दो दिन पूर्व ग्रामीणों ने खण्डहर में भालू के नवजात शावकों को देखा तो तत्काल इसकी सूचना वन कर्मियों को दी। सूचना पर मंगलवार को दोपहर वनकर्मियों ने खण्डहर का निरीक्षण किया तो वहां दो शावक घूमते मिले। इस दौरान खण्डहर में मादा भालू मौजूद नहीं थी। परिसर रक्षक प्रमोद कुमार सिंह इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी तो अधिकारियों ने शावकों की निगरानी करने एवं ग्रामीणों को जागरूक करने का निर्देश दिया।

### पांचवें दिन निकाला गया पलटनघाट में डूबे युवक का शव

**रामानुजगंज।** प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट पलटन घाट में डूबे युवक का शव आज पांचवें दिन बरामद कर लिया गया है। शव की तलाश में चार दिनों तक एसडीआरएफ के साथ ही उड़ीसा से आई एनडीआरएफ की टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया और आज सुबह अंततः युवक शव काफी गहराई से बरामद किया गया। फिलहाल शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बता दें कि झारखंड के घड़वा निवासी 20 वर्षीय उज्जवल यादव अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए 24 दिसंबर को पलटनघाट आया हुआ था। नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने के कारण उज्जवल डूब गया था। इस दौरान उसके दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम युवक की तलाश होमगार्ड के गोताखोरों की मदद से कर रही थी लेकिन इसमें सफलता नहीं मिलने पर अंबिकापुर से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया था लेकिन युवक का कुछ भी पता नहीं चल पा रहा था।

### गांव के पुजारी ने मुख्यमंत्री को विधि विधान से पूजा पाठ कराया

# मुख्यमंत्री और उनकी धर्मपत्नी ने तुर्री पहुंचकर किया कुल देवता का दर्शन







हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री बनने के पश्चात पहली बार अपने गृह ग्राम बगिया आए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने आज बंदरचुवा के पास तुर्री गांव पहुंचकर कुल देवता का दर्शन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कुलदेवता को गुड़, नारियल, पान, सुपारी अर्पित कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर स्थल में गांव के पुजारी ने मुख्यमंत्री को विधि विधान से पूजा पाठ कराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पूर्वजों के आशीर्वाद से ही शुभ कार्य संपन्न होते हैं। आज तुर्री में अपने कुलदेवता का आशीर्वाद लेकर प्रदेश की खुशहाली और जनहित में निरंतर कार्य करूंगा। मुख्यमंत्री के पूर्वज स्व. सरदार भगत साय(सरदार बूढ़ा) की स्मृति में मंदिर का निर्माण कराया गया है। इस दौरान वहां बड़ी संख्या में आसपास गांव के ग्रामीण जन मौजूद रहे।



**सीएम का ग्राम बगिया में किया गया किया स्वागतः** जिले के माटी पुत्र मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का ग्राम बगिया मुख्यमंत्री निवास में पत्थलगांव विधायक गोमती साय, कंवर समाज, परिवारजनों सहित विभिन्न समाज के लोगों ने फूल गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। सभी जनों ने क्षेत्र के लाडले से मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रोहित साय, पूर्व विधायक, पवन साय,जीव नंदन साय, रोमहर्बन साय, पुरेंद्र नाथ साय, रामदेव साय, भानुदेव साय, संकेत साय , परिवारजनों सहित अन्य समाज के लोगों ने क्षेत्र के लाडले विधायक एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर बेहद खुश है। कंवर समाज से मुख्यमंत्री बनने पर समाज में खुशी का माहौल है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद ग्राम बगिया निवास स्थान पर पहुंचने पर गदगद है। सभी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### मुख्यमंत्री बने निक्षय मित्र

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा अटल सुशासन समारोह में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत टी.बी. मरीजों को पोषण आहार किट वितरण किया गया और निक्षय मित्र बनकर टी.बी. मरीजों के लिए प्रेरणाप्रद बने। साथ ही इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय के द्वारा मरीजों को पोषण आहार किट वितरण किया गया। जशपुर विधायक रायमुनी भगत और जशपुर विधायक गोमती साय भी निक्षय मित्र बने। एवं पोषण आहार कीट वितरण किया गया। जिले के टी.बी. मरीजों में नया ऊर्जा का संचार हुआ है उपचार के साथ प्रेरणा भी मिली। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल भ्रमण किया और विभागीय योजनाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रंजीत टोप्पो द्वारा जिला जशपुर में टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम कि उपलब्धि पर विस्तार पूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए, जांच, उपचार, निक्षय मित्र, पोषण योजना, प्रोत्साहन राशि, आदि की वितरण की जानकारी दी।

## स्वामी आत्मानन्द विद्यालय तत्काल बन्द करने सीएम को ज्ञापन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री को स्वामी आत्मानन्द विद्यालय तत्काल बन्द करने हेतु ज्ञापन देते हुए अंकभारती के संस्स्थापक ने कहा,कि हिन्दी का वह आपात्त काल था, काले दिन थे, जब हिन्दी माध्यम के विद्यालयों को समाप्त करते हुए उनके भूमि, भवन, अर्थ और संसाधन पर बरबस आधिपत्य कर स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट इंग्लिस मीडियम स्कूल खुले। लोगों ने विरोध में पत्र लिखें , धरना प्रदर्शन किये, आन्दोलन चलायें किन्तु राजहट ऐसा कि कुछ सुनने को तैयार नहीं। अन्ततः दर्जनों जनहित याचिकायें उच्च न्यायालय पहुंची। उच्च न्यायालय ने मेरी जनहित याचिका पर निर्णय देते हुए रेखांकित किया कि यह मौलिक अधिकार का हनन, संविधान के अनुच्छेद २७४ का उल्लंघन तथा हिन्दी माध्यम को बंद कर इंग्लिश मीडियम संचालन विधि के विपरीत है। हद तो तब हो गई जब राज्य स्थापना दिवस पर अति उत्साह में तात्कालिक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने



घोषणा कर दी कि राज्य के सभी ६००० माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को स्वामी आत्मानन्द में अपग्रेड किया जाएगा। जनता के कान खड़े हो गये और जनता ने चुनाव में धूल चटा दी। स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों को तत्काल बन्द कर ४०-५० वर्षो से चल रहे हिन्दी माध्यम के विद्यालय को अपने पूर्व नाम और पहचान से पुनः संचालित किया जाए।

### जीवन झरना विकास संस्था में वार्षिकउत्सव

**कांसाबेल।** जीवन झरना विकास संस्था में वार्षिकउत्सव मनाया गया , जिसमे मुख्य अतिथि -नीलकमल कुजूर, विशिष्ट अतिथि अगुस्तुक कुजूर थे, जिसमे जीवन झरना विकास संथा कांसाबेल की संचालिका -सिस्टर एनी समस्त स्टाप संथा के द्वारा संचालित सिलाई प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थी मानव तस्करी, बाल विवाह एव लैंगिक शोषण से छुड़ाए गए बच्चे, उनके अविभावक और विजयाज्योति कान्वेंट कांसाबेल के सभी सिस्टरगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे जीवन झरना विकास संथा कांसाबेल के कार्यकर्त्तायों के द्वारा उपस्थित लोगो को गाना के माध्यम से स्वागत किया गया और वर्तमान मे बच्चों और महिलाओ के साथ हो रहे डिजिटल अपराधों के संबंध मे नुक्कड़ नाटक और गाना के माध्यम से जागरूक किया गया। सिलाई प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थी एवं दीनपालिका कन्याशाला के छात्राओं द्वारा मनोरंजन नृत्य प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात समस्त अतिथियों द्वारा बच्चों को अपने भविष्य मे अच्छाई और बुराई को पहचान कर अच्छाई मार्ग मे चलने एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया।

## ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता में राष्ट्रीय खिलाड़ी आकांक्षा रानी ने जमाया शानदार शतक

**जशपुरनगर।** लैलूंगा में आयोजित हो रहे बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में भारत के दिल्ली जैसी बड़ी टीमों के साथ जशपुर की महारानी क्रिकेट क्लब की टीम भी भाग ले रही है। महारानी क्रिकेट क्लब की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी आकांक्षा रानी ने गुरूवार को हुए मैच में धमतरी के खिलाफ शानदार 47 बाल में 128 रन की आतिशी पारी खेली जिसमें 12 छक्के और 12 खूबसूरत चौके शामिल रहे। इस पारी की बदौलत जशपुर ने धमतरी को आसानी से एकतरफा हरा दिया।

आकांक्षा रानी हाल ही में नेशनल टूर्नामेंट में दिल्ली जाने वाली है। जहां उन्होंने अलग अलग राज्य के खिलाड़ियों के साथ खेलेगी । आकांक्षा रानी जशपुर की एकमात्र महिला क्रिकेट खिलाड़ी है जिनका चयन राष्ट्रीय कैंप में हुआ है। महारानी क्रिकेट क्लब के कोच संतोष कुमार ने बताया कि हम अपने सभी खिलाड़ियों को विशेष ध्यान देते है, महारानी क्लब स्वयं के खर्च से उन्हे प्रशिक्षण देते है और किसी भी टूर्नामेंट में आने जाने का पूरा खर्च उठाते है। आकांक्षा रानी ने अब तक इस टूर्नामेंट में 4 मैचों में 221 रन बना चुकी है, जिसमे इस शानदार शतक के साथ 34 बाल में 94 रन की पारी भी शामिल है। किसी तरह से बाहरी कोई मदद न मिलने पर भी जशपुर की खिलाड़ियों का यह शानदार प्रदर्शन ही हमे प्रेरित करता है और हम ऐसे खिलाड़ी बनाने पर ही ध्यान देते है। शहर के पूर्व राज्य स्तरीय क्रिकेट खिलाड़ी सूर्यकांत चन्द्रा ने बढ़ाई देते हुए कहा कि मैं महारानी क्लब के सदस्य और स्टाफ को बधाई देता हूं जिनकी कड़ी मेहनत का फल है की आज राष्ट्र स्तर पर हमारे खिलाड़ी जशपुर का नाम रोशन कर रहे है। निश्चित उनका यह प्रदर्शन आने वाले खिलाड़ी को प्रोत्साहित करेगा और जशपुर के लोग भी आगे आयेंगे।

## बीईओ आफिस में रामराज, 12 में से 9 मिले अनुपस्थित

**पामगढ़।** नायब तहसीलदार एवं उनकी टीम द्वारा िवकासखंड िशक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टाफ के 12 में से 9 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। खास बात यह है कि इनमें से 3 सहायक िवकासखंड िशक्षा अधिकारी भी शामिल है। नायब तहसीलदार द्वारा अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों का पंचनामा कर कार्रवाई के लिए एसडीएम को सौंपा गया है। ज्ञात हो कि पामगढ़ बीईओ कार्यालय का नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र राज एवं उनकी टीम द्वारा cqवार 28 िदसंबर को औचक निरीक्षण किया गया। इस बीच अधिकारियों की टीम द्वारा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं कर्मचारियों के आने जाने का समय एवं उपस्थिति को लेकर जानकारी मिली कि यहां पदस्थ 12 स्टाफ में से 9 स्टाफ बिना िकसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। स्टाफ के अनुपस्थिति को लेकर अधिकारियों की टीम द्वारा पंचनामा तैयार कर कार्रवाई के लिए एसडीएम को जानकारी दी गई है। इसके पूर्व भी शासकीय महामाया उत्तर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ में भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया था।

## गेहूं व सरसों की फसल पर ड्रोन स्प्रे के माध्यम से यूरिया का छिड़काव

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा क्षेत्र के किसान गेहूं व सरसों की फसल पर ड्रोन स्प्रे के माध्यम से यूरिया खाद का छिड़काव कर रहे हैं। इससे न केवल समय की बचत हो रही है बल्कि मजदूरी लागत भी काम है, जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है।

गौरतलब है कि अकलतरा क्षेत्र के किसान वैज्ञानिक तरीके से गेहूं व सरसों की फसल पर दवा छिड़काव करने पर जोर दे रहे हैं, जिसके तहत ड्रोन स्प्रे मशीन के माध्यम से यूरिया खाद का छिड़काव गेहूं एवं सरसों की फसल पर किया जा रहा है, जिससे न केवल समय की बचत हो रही है बल्कि किसानों को मजदूरी लागत भी कम पड़ रही है। अकलतरा क्षेत्र के बनाहिल गांव के किसान नवल सिंह 2 हेक्टेयर के जमीन पर गेहूं की फसल लगाए हुए हैं वहीं इस फसल को अब बढ़ाने के लिए खाद की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में किसान वैज्ञानिक पद्धति से कृषि विभाग के अफसर की उपस्थिति में ड्रोन स्प्रे के माध्यम से यूरिया खाद का छिड़काव तैयार हो रहे गेहूं के फसल पर कर रहे हैं। इसी प्रकार अकलतरा क्षेत्र के ही ग्राम नरियरा के किसान महेंद्र कुमार ने अपने एक हेक्टेयर से अधिक के जमीन पर गेहूं एवं सरसों की फसल लगाए हुए हैं वही इन फसलों को खाद की जरूरत पड़ रही है।

## कमिश्नर ने धान उपार्जन केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**सक्ती।** बिलासपुर संभाग के कमिश्नर ने धान उपार्जन केंद्र चंद्रपुर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। कमिश्नर ने धान उपार्जन केन्द्रों में उपस्थित किसानों से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 अंतर्गत 1 नवंबर से जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी संबंधी कार्य किया जा रहा है, जिसका गुरुवार 28 दिसंबर को बिलासपुर संभाग के कमिश्नर के. डी. कुंजाम ने धान उपार्जन केंद्र चंद्रपुर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान की गुणवत्ता व नमी की मात्रा, समिति प्रभारी से कुल धान खरीदी की मात्रा, मिलर्स द्वारा धान उठाव की स्थिति, पंजीकृत किसानों एवं धान क्रय कर चुके किसानों की अद्यतन स्थिति, बारदाना की उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कमिश्नर श्री कुंजाम ने धान उपार्जन केन्द्रों में उपस्थित किसानों से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। संभागायुक्त ने जिला खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार सुव्यवस्थित ढंग से धान खरीदी कार्य करने के निर्देश दिए।

### गुरूपद संभवराम जी के मार्गदर्शन में 2010 में सोगड़ा के सर्वेश्वरी आश्रम में रोपे गए थे चाय के पौधे

# सोगड़ा में रखी गई थी चाय उत्पादक राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ पहचान की नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

चाय उत्पादक जिले के रूप में पहचान दिलाने की शुरुआत वर्ष 2010 में जिले के मनोरा ब्लॉक में स्थित अघोरेश्वर भगवान राम की तपोभूमि सोगडा से हुई थी। यहां चाय के पौधों का रोपण, अघोरेश्वर गुरुपद संभव राम जी के मार्गदर्शन में किया गया था। उनके मार्गदर्शन में चाय पत्ती की खुशबू जशपुर और भारत की सीमा से निकल कर चीन और जापान जैसे देशों तक पहुंचने लगी है।

सोगड़ा में मई 2010 में चाय बगान लगाए जाने के बाद लगातार चाय पत्ती की तुड़ाई की जा रही है। इन पत्तियों से 22 प्रतिशत तक ग्रीन चाय प्राप्त हो रहा है। उत्पादित चाय के परीक्षण के लिए चीन व जापान के अंतराष्ट्रीय चाय विशेषज्ञों व राष्ट्रीय चाय विकास बोर्ड के पास भेजा गया था। विशेषज्ञों ने सोगड़ा की ग्रीन टी को असम व दार्जिलिंग से बेहतर होने की पुष्टि कर दी है। जापान व चीन, जहां विश्व में सबसे अधिक ग्रीन टी की खपत होती है, जशपुर की जलवायु चाय के उत्पादन के बेहद अनुकूल है। वर्तमान में सोगड़ा में असम में पाए जाने वाली चाय की प्रजाति टीवी 25, 26, 27,



दार्जिलिंग की सीपी-1, पीके 78, टीवी और एवी का रोपण किया गया है। जुलाई के प्रथम सप्ताह में रोपे गए इन पौधे की ग्रोथ 4 महीने में ही दो से ढाई फीट की ग्रोथ देखी जा रही है, जबकि असम व दार्जिलिंग में इन पौधों को इतना विकसित होने में ढाई साल लग जाते हैं। यहां उत्पादित चाय पत्ती की प्रोसेसिंग के लिए लगभग 40 लाख की लागत से टी प्रोसेसिंग यूनिट भी स्थापित की गई है।

### हजारीबाग में बाबा को मिली थी प्रेरणा

जिले में चाय उत्पादन की प्रेरणा गुरुपद संभव बाबा को हजारीबाग में मिली थी। गुरूपद संभव राम यहां अपने एक भक्त के घर आए हुए थे। भक्त के घर में चाय के लहलहाते पौधे को देख कर जशपुर में चाय उत्पादन की प्रेरणा उन्हें मिली थी। गुरूपद संभव राम, अपने साथ चाय के पौधे लेकर सोगड़ा आए और इन्हें विशेषज्ञों की देखरेख में रोपा गया था। प्रयोग सफल होने पर,शुरूआत में आश्रम के प्रांगड़ के 7 एकड़ में चाय बगान विकसित किया गया है। अब इसका रकबा 20 एकड़ से अधिक हो चुका है। वहीं, गुरूपद संभवराम जी की प्रेरणा ग्रहण करते हुए, छत्तीसगढ़ शासन जिले के जशपुर, मनोरा और बगीचा तहसील में 85 एकड़ से अधिक रकबा में चाय बगान विकसीत कर चुकी है। शासन ने चाय पत्ति की प्रोसेसिंग के लिए बालाछापर में प्रोसेसिंग यूनिट का संचालन भी कर रही है।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

सोगड़ा आश्रम, धार्मिक आस्था का केन्द्र होने के साथ, समाज सेवा की गतिविधियों का संचालन किया जाता है। यहां प्रतिवर्ष निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से विशेषज्ञ चिकित्सक आ कर अपनी सेवाएं जरूरतमंद मरीजों को देते हैं। इन शिविरों में चिकित्सकीय परामर्श के साथ मरीजों को निःशुल्क दवाई का वितरण भी किया जाता है। सोगड़ा आश्रम पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम से भी जुड़ा हुआ है।

### एनएच पर टाटा मैजिक की टक्कर से गिरे बाइक सवार, पीछे से आ रहे ट्रक ने कुचला

**बतौली/सेदम।** गुरुवार की देर शाम एनएच 43 पर हुए टाटा मैजिक वाहन की टक्कर से सड़क पर गिरे बाइक सवारों को पीछे से आ रहे ट्रक ने रौंद दिया। इस घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दुसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। वहीं घटना के बाद भाग रहे ट्रक को पुलिस ने घेराबंदी आकर पकड़ लिया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। दो दिनों के भीतर एनएच पर क्षेत्र के तीन युवकों की मौत से मातम पसर गया है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत जूनापारा मंगारी निवासी 33 वर्षीय बाबूलाल आ. सुखदेव अपने साथी 36 वर्षीय जयमल आ. स्व. मुगता के साथ बाइक क्रमांक सीजी ओएफ 5800 से किसी काम से निकला हुआ था और दोनों वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान देर शाम सेदम पुलिया के समीप पीछे से आ रहे टाटा मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 15 डीयू 2632 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। इससे पहले की घायल युवकों को सड़क से उठने का मौका मिलता अंबिकापुर की ओर जा रहे खाली ट्रक क्रमांक एनएल 01 जी 2099 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क पर घायल युवकों को कुचल दिया।

## खबर संक्षेप

### शिविर में ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**सलका-अघिना।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अघिना-सलका के रासेयो इकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारी रीता गिरी के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय ठाकुर पारा पकनी में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दूसरे दिन योग एवं पीटी पश्चात छात्राओं ने प्राथमिक शाला परिसर पर स्वच्छता अभियान चलाया। दोपहर को बौद्धिक सत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चेंद्रा से श्रीमती सरोज राजवाड़े एमएलटी एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र पकनी से श्रीमती उर्मिला राजवाड़े की टीम द्वारा शिविरार्थी छात्राओं एवं अन्य बच्चों का हीमोग्लोबिन एवं सिकलिंग टेस्ट किया गया। श्रीमती रंजना घोष एवं समाज सेविका ने नशा मुक्ति पर व्याख्यान दिया तथा नशा मुक्ति की शुरुआत अपने घर -परिवार और आस-पास से करने की बात कही। नवजीवन ज्योति सामाजिक समूह के सामाजिक कार्यकर्ता विकास प्रजापति द्वारा विधिक साक्षरता संबंधित जानकारी प्रदान की गई। संध्या कालीन सत्र में शिविरार्थियों ने नशा मुक्ति एवं लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

### सर्पदंश से पीड़ित युवती की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** मां के साथ बाड़ी जा रही युवती को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रामचंदरपुर थाना अंतर्गत ग्राम अबादी निवासी अमीना सिंह आ. बधंन सिंह (22 वर्ष) शुक्रवार को मां के साथ घर के समीप बाड़ी में जा रही थी। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे काट लिया। सांप काटने की जानकारी लगते ही परिजन उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### बाइक भिड़ंत में मितानिन की गई जान

**अम्बिकापुर।** बगीचा मार्ग पर दो बाइक के सामने-सामने टक्कर हो जाने से बाइक सवार मितानिन की मौत हो गई जबकि सवार अन्य लोग घायल हो गए। मितानिन परिचित के साथ गांव के ही एक प्रसूता को लेकर अस्पताल लेकर जा रही थी तभी दुर्घटना हुई। जानकारी के अनुसार बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम जजागी निवासी मितानिन ठूनी बाई पति जयनाथ (55 वर्ष) बुधवार को पंकज नामक व्यक्ति के साथ उसके बाइक से एक प्रसूता को बगीचा अस्पताल भर्ती कराने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते पर विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मितानिन गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर बलेसड़ी में प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** श्री साईं बाबा आदर्श महाविद्यालय के सात दिवसीय विशेष रासेयो शिविर ग्राम पंचायत बलसेड़ी में प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पांडेय ने स्वयं सेवकों समाज से पाने और समाज को देने की अवधारणा से अवगत कराया तथा कहा कि राष्ट्र निर्माण में आपका समूचा विश्व इंतजार कर रहा है। श्री शिर्डी साईं समिति के सचिव अजय कुमार इंगोले ने कहा कि सेवा की पाठशाला गांव है, यहां स्वयं सेवक को अपनी पहचान कायम करना है। प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रत्येक युवा को समाज के लिए ईमानदार होना होगा। आप दायित्वों का पालन कीजिए और नकारात्मक तथ्यों पर ध्यान मत दीजिए। अरविंद तिवारी ने शिविर के लिए युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र दास सोनवानी ने शिविर की महत्ता और उसके उद्देश्य से अवगत कराया तथा शिविर की कार्य योजना प्रस्तुत की। स्वयं सेवकों को उनके दायित्वों से रूबरू कराया गया। इस दौरान सरपंच संगीता सिंह, विभागाध्यक्ष शैलेश देवांगन, डॉ. अजय कुमार तिवारी, सुमन मिंज आदि उपस्थित थे।

### यूपी से मंगाया जा रहा टमाटर

# पड़ोसी राज्यों में सब्जियों की मांग खत्म होने पर कीमतें सामान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पड़ोसी राज्यों में सब्जियों की मांग घटने के बाद कीमतें धडाम हो गई है। हालांकि सब्जियों की खुदरा कीमतों में अत्यधिक गिरावट नहीं आई है। व्यवसाई आने वाले समय में उत्पादन बढ़ने के कारण कीमतें और नीचे जाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**खास बात**
- नई फसल आने पर गिरी प्याज की कीमत

सरगुजा में सब्जी उत्पादन के रकबे में लगातार वृद्धि हो रही है। गांव-गांव में किसान सब्जियों की खेती कर रहे हैं। कम रकबे में अच्छा उत्पादन मिलने एवं अधिक आय होने से अन्य किसान भी सब्जियों की खेती से जुड़ते जा रहे हैं। अत्यधिक उत्पादन होने के कारण मांग के अनुसार यहां की सब्जियां दूसरे राज्यों में भेजी जाती है तथा यह क्रम पूरे साल चलते रहता है। पड़ोसी राज्यों में सब्जियों की मांग बढ़ने पर उत्पादकों को अच्छी आय होती है तथा स्थानीय बाजार में सब्जियों की उपलब्धता कम होने के कारण कीमतें आसमान पर पहुंच जाती है। एक महीने पूर्व पड़ोसी राज्यों में टमाटर की मांग बढ़ने के कारण कीमतें आसमान पर पहुंच गई थी लेकिन बाहरी राज्यों में मांग खत्म होते ही एक महीने पूर्व थोक में 700 रूपए कैरेट एवं खुदरा में 40 रूपए किलो बिकने वाले टमाटर की कीमत थोक में 250 से 300 रूपए कैरेट एवं खुदरा में 15-20 रूपए पहुंच गई है। अब सरगुजा में टमाटर की फसल लगभग सूख गई है तथा स्थानीय जरूरतें पूरी करने यूपी से टमाटर मंगाया जा रहा है। हर रोज यूपी का 30 पिकअप टमाटर स्थानीय बाजारों में खप रहा है। किसानों ने टमाटर की नई फसल लगाई है जिसकी फसल फरवरी में तैयार होगी। नई फसल तैयार होने तक दूसरे राज्यों के टमाटर से स्थानीय जरूरतें पूरी होंगी। मौसम अनुकूल होने के कारण वर्तमान में आलू, फूलगोभी, पत्ता गोभी, मटर, सेम, बरबट्टी सहित विभिन्न प्रकार के शाक-भाजियों का पर्याप्त उत्पादन होने के कारण कीमतें सामान्य है। सब्जियों की खुदरा कीमतों पर नियंत्रण नहीं होने के कारण अभी भी काफी असमानता है।


मण्डी में बोली लगाते व्यवसायी।

**पर्याप्त उत्पादन**

सब्जियों का पर्याप्त उत्पादन होने एवं पड़ोसी राज्यों में मांग नहीं होने के कारण अभी कीमतें सामान्य है। भविष्य में उत्पादन की वृद्धि होने के कारण कीमतों में और अधिक कमी आने की संभावना है। टमाटर का उत्पादन कम होने के कारण यूपी के टमाटर से मांगे पूरी की जा रही है।

-काशीनाथ केशरी
अध्यक्ष, थोक सब्जी व्यवसायी संघ

#### खरीफ आलू की बड़ी मांग

मैनपाट के खरीफ आलू की उपलब्धता के बाद पिछले एक महीने से पठारी क्षेत्र से खरीफ आलू की आवक बडे पैमाने पर हो रही है। प्रारंभ में पड़ोसी राज्यों में खरीफ आलू की मांग अधिक होने के कारण कीमत अधिक थी। अभी भी सरगुजा का आलू, सेम व गोभी अल्प मात्रा में उड़ीसा जा रहा है लेकिन उत्पादन अधिक होने के कारण थोक में आलू 15 रूपए, गोभी 20 रूपए, मटर 25 रूपए किलो बिक रहा है। नई फसल आने के बाद खुदरा में 65 रूपए किलो बिकने वाला प्याज की कीमत 30 रूपए पहुंच गई है। थोक में प्याज 20-25 रूपए किलो बिक रहा है। उत्पादन बढ़ने के बाद अदरख की कीमत भी गिरी है तथा थोक में 120 रूपए किलो बिकने वाला अदरख 80 रूपए किलो बिक रहा है। लहसून की कीमतें अभी भी आसमान पर है। व्यवसायी नई फसल आने के बाद ही कीमतों में कमी आने की बात कह रहे हैं। वर्तमान में लहसून 200 रूपए किलो की दर से बिक रहा है। भविष्य में सब्जियों का उत्पादन बढ़ने के कारण कीमतों में गिरावट होने की संभावना है।

## शराब में मिलावटः आबकारी उप निरीक्षक निलंबित, चार कर्मचारी ब्लैक लिस्टेड

**अंबिकापुर।** मिलावटी शराब बिक्री के मामले में वायरल वीडियो के आधार पर आबकारी आयुक्त ने बड़ी कार्रवाई की है। आबकारी आयुक्त ने काम करने वाले चार लोगों को ब्लैक लिस्टेड कर सेवा से पृथक कर दिया गया है इसके साथ ही प्रभारी अधिकारी आबकारी निरीक्षक को भी निलंबित कर दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद आबकारी विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि सरगुजा में समय समय पर शराब में मिलावट किए जाने का मामला सामने आते रहता है। आबकारी विभाग की मदद से दुकानों में शराब की बोतलों में पानी मिलाकर बेचने की अनेकों घटनाएं सामने आ चुकी है। वहीं हाल ही में मिलावट का एक और मामला सामने आया था। हालांकि यह वीडियो एक माह पुराना बताया जा रहा है लेकिन हाल ही में दुकान में ही काम करने वाले एक कर्मचारी ने इसे वायरल कर दिया था। वायरल वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि कुछ कर्मचारी शराब की सीलबंद बोतलों को खोलकर उसमें से शराब को एक बाल्टी में भर रहे है और उसमें पानी मिलाकर फिर से पैक किया जा रहा है। इसके साथ ही निकाली गई शराब को खाली बोतलों में भरकर बेचा जाता है। शराब में की गई मिलावट से शराब पीने वालों को नुकसान हो रहा है जबकि इस अवैध कारोबार के माध्यम से लाखों रुपए का घोटाला भी किया जाता है। वीडियो वायरल होने के बाद रायपुर से आबकारी आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लिया और मामले की जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान मिलावट की पुष्टि होने के बाद आबकारी आयुक्त ने विक्रयकर्ता ब्रिज बिहारी गुप्ता, विजय नंद राजवाड़े, मल्टीपर्पस वर्कर सुरेश कुमार राजवाड़े व सुरक्षा गार्ड रामसेवक तिर्की को ब्लैक लिस्टेड करने के साथ ही सेवा से पृथक कर दिया गया है। इसके साथ ही इस मामले में घोर लापरवाही को देखते हुए प्रभारी अधिकारी आबकारी उप निरीक्षक सौरभ साहू को भी निलंबित किया गया है। निलंबित आबकारी उप निरीक्षक को संभागीय उड़न दस्ता कार्यालय में अटैच किया गया है। इस कार्रवाई के बाद आबकारी विभाग में हड़कंप मचा हुआ है लेकिन बड़ी बात तो यह है कि वीडियो वायरल होने व वस्तु स्थिति से अवगत होने के बाद भी स्थानीय अधिकारियों द्वारा अपनी ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे स्थानीय अधिकारियों की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है।

- वीडियो वायरल होने के बाद आबकारी आयुक्त ने की कार्रवाई

## हाथियों ने 2 घरों में की तोड़-फोड़, फसलों को किया तबाह

**बिहारपुर।** हाथियों की तबाही रूकने का नाम नहीं ले रही है ए क महीने की राहत के बाद पिछले 3 दिनों से 7 हाथियों का दल क्षेत्र में सक्रिय हैं तथा लगातार तबाही मचा रहा है। बीती रात हाथियों का दल मोहरसोप बस्ती में घुस गया तथा दो घरों में तोड़-फोड़ मचाने के बाद घर में रखा अनाज खा गए। घर में तोड़-फोड़ मचाने के बाद हाथी पूरी रात फसलों को तबाह करते रहे। पिछले एक महीने से हाथियों की आवाजाही बंद होने के कारण क्षेत्र में राहत थी लेकिन पिछले दिनों तीन दिनों से क्षेत्र का भ्रमण कर रहे 7 हाथियों का दल ने फिर से ग्रामीणों की नींद हराम कर दी है। बीती रात हाथियों के मोहरसोप बस्ती में पहुंचने से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। खेतों में धान की फसल कटने के बाद भोजन की तलाश में हाथी आबादी क्षेत्र में पहुंच जा रहे हैं। कुछ देर तक गांव में घूमने के बाद हाथियों ने मोतीलाल विश्वकर्मा पिता केवल प्रसाद एंव दया राम पिता लाल साय पंडो के घरों मे तोड़-फोड की एवं घर में रखा अनाज खा गए। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। घरों मे तोड़-फोड़ करने के बाद हाथी पूरी रात सरसों, आलू, अरहर सहित अन्य फसलों को तबाह करते रहे। वन अमला ग्रामीणों को नियमित जागरूक कर रहा है। हाथियों का दल दिन में गुरूघासी दास अभ्यारण्य में आराम कर रहा है तथा शाम होते ही आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जा रहा है।

#### 27 हाथियों ने तीन घरों को ढहाया

धौरपुर। वन परिक्षेत्र धौरपुर अंतर्गत दोरना जंगल में भ्रमण कर रहे 27 हाथियों के दल ने बीती रात तीन घरों को ढहा दिया तथा घर में रखा अनाज चटकर गए। सोमवार की रात ग्राम डांडगांव में पूरी रात उत्पात मचाने के बाद हाथी वापस दोरना जंगल में लौट आए थे। मंगलवार को हाथी पूरी रात गन्ना की फसल से अपनी भूख मिटाते रहे। 6 एकड़ से अधिक गन्ना की फसल रौंदने के बाद हाथी गांव में पहुंच गए तथा बस्ती के किनारे के घरों में तोड़-फोड़ मचाने लगे। हाथियों ने गांव के कोमल पिता किरकू, नैहर साय पिता रती एवं अनिरूद्ध पिता बहाल के घर को ढहा कर खण्डहर ना दिया तथा घर में रखा अनाज खा गए। वन अमले ने तोड़-फोड़ मचाने की संभावना पर शाम ढलते ही परिवार के सदस्यों को सुरक्षित ठिकानों पर भेज दिया था।



## विकसित भारत संकल्प यात्रा में दी गई योजनाओं की जानकारी

**लहपटरा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत लहपटरा में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान लखनपुर मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई गया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को भारत सरकार द्वारा राज्य सरकार के साथ भागीदारी से एवं पात्र लाभार्थियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए प्रमुख योजनाएं स्वच्छता सुविधा, आवश्यक वित्त सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, आवास, खाद्य, सुरक्षा सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान कर्मेंद्र राजवाड़े, दिनेश बारी, विष्णु, गोपाल, बुद्धदेव, अजय रामधन, रामप्रवेश, राम बिहारी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## कटकर अलग हुए अंगूठे के साथ पहुंचा था युवक, डॉक्टरों ने पुनः जोड़ा



**अंबिकापुर।** दिल्ली व रायपुर जैसे बड़े शहरों में मिलने वाली उपचार सुविधाएं अब शहर में ही उपलब्ध हो पा रही है और सरगुजा के चिकित्सक भी ऐसा कारनामा कर रहे है जो देखने में लोगों को असंभव सा लगता है। ऐसा ही एक मामला शहर के संजीवनी हॉस्पिटल में सामने आया है जहां आरा मशीन में कटकर अलग हुए हाथ के अंगूठे को डॉक्टर ने पुनः जोड़ दिया है। अंगूठा कटने के बाद उम्मीद खो चुका युवक अब एक बार फिर से अपना कार्य सामान्य रूप से कर पाएगा। बताया जा रहा है कि लगभग एक सप्ताह पूर्व आमलगीर हुसैन नामक युवक शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप स्थित संजीवनी आई एंड फ्रैक्चर हॉस्पिटल में पहुंचा था। युवक अपने साथ अपने हाथ से कटकर अलग हुए अंगूठे को लेकर पहुंचा था। युवक का कटा हुआ अंगूठा देखने के बाद चिकित्सक भी हैरान रह गए लेकिन उन्होंने समय रहते मरीज के अस्पताल पहुंचने पर उसका उपचार शुरू किया। अस्पताल में उपलब्ध प्लास्टिक एंड री-कंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ. दानिश व चिकित्सकों की टीम ने लगातार कई घंटों तक ऑपरेशन कर युवक के कटे हुए अंगूठे को पुनः हाथ में जोड़ने में सफलता हासिल की। ऑपरेशन के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि मरीज के अंगूठे की हड्डी, खून की नसें व तंतु आपस में सही तरीके से जुड़ सके और अब इसका परिणाम भी सुखद रूप में सामने आया है।

- पूरी तरह से काम कर रहा युवक का अंगूठा

## पार्वतीपुर व दुर्गापुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन



**प्रेमनगर।** विकास खंड प्रेमनगर अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत पार्वतीपुर एवं दुर्गापुर में संपन्न हुआ। विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा की छत्तीसगढ़ में अब डबल इंजन की सरकार बन गई है। राज्य की सरकार हर गरीब किसान वर्ग के लोगों के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने के निर्देश दिए। विधायक ने सभी विभाग के इस्टाल का जायजा लिया साथ ही प्रधान मंत्री आवास के हितग्राहियों ने अपने आवास को पूर्ण कर लिया है उन्हे प्रमाण पत्र वितरण किया। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं का गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए कीटनाशक दवाई छिड़काव के लिए ड्रोन मशीन का ट्रायल किया। इस दौरान अजय शयाम, सिंगारो बाई, बीरेंद्र जायसवाल, जगमोहन सिंह, महादेव सिंह, संत साहू, हिरामुनी पोर्ते, शिवनंदन सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



#### ग्रामीणों को योजनाओं की दी गई जानकारी

**प्रतापपुर।** विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ग्राम सोनपुर और सिलौटा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुई। उन्होंने सरकारी सेवाओं को लोगों के दरवाजे तक पहुंचाने का बात कही। साथ ही ग्रामीणों को प्रधानमंत्री के जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया और योजनाओं को लेकर जागरूक किया। प्रतापपुर विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायत में हो रहे भारत विकसित संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकारी कार्यक्रमों के बारे में शासन की योजनाओं को जनता तक सीधा लाभ पहुंचाना है। इसी क्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा आज पंचायत सोनपुर और सिलौटा में आयोजित किया गया जिसमें सोनपुर के साथ चंद्रेली और मसगा सहित कई ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। इस दौरान अक्षय तिवारी, संतोष सिंह, मुकेश तायल, प्रशांत सिंह, अनूप गुप्ता, विजेंद्र कश्यप, एसडीएम दीपिका नेताम, तहसीलदार पुष्पराज,जपं सीईओ पारस पैकरा, बीईओ एमएस ध्रुव के अलावा विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केशवनगर में किया गया पौधरोपण



**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत केशवनगर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में जनपद सदस्य बाबूलाल राजवाड़े, सुखदेव सोनवानी, सरपंच सोना सिंह, उपसरपंच राजकुमार सिंह, सत्यनारायण जायसवाल, अजय गोयल, दुर्गाशंकर जायसवाल, सुरेंद्र राजवाड़े, सतेन्द्र राजवाड़े, द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में पौधरोपण किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत उद्यानिकी विभाग द्वारा पौधरोपण का कार्यक्रम विभिन्न स्थानों में आयोजित कराया जा रहा है जिससे कि संतुलित पर्यावरण की ओर अपना योगदान दिया जा सके।

# पचिरा के ग्रामीणों को सालों बाद भी नहीं मिला जल जीवन मिशन योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके इसके लिए केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी से लेकर पाइप लाइन विस्तार निर्माण कार्य कराना है। जिले के कई पंचायतों में निर्माण कार्य अंतिम चरण पर है तो कहीं अब भी निर्माणाधीन है। हैरानी की बात यह है कि ग्राम पंचायत पचिरा में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण शुरू हुए एक साल हो गए। बावजूद इसके पानी टंकी के लिए महज चार फीट के चार कालम ही खड़ा हो सका है। ऐसे में गांव के लोग आज भी योजना का लाभ से वंचित है। ऐसा नहीं है कि संबंधित विभाग को इसकी जानकारी नहीं है परंतु किसी प्रकार के पहल नहीं करने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

केन्द्र सरकार की योजना के अनुसार विकासखंड सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण लगभग सभी पंचायतों साल भर पूर्व शुरू किए गए है। कई ग्राम पंचायत में पानी टंकी के अलावा घर घर तक नल कनेक्शन लगाए गए है तो कहीं पानी टंकी निर्माणाधीन है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत पचिरा में पिछले वर्ष अक्टूबर माह में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत पानी टंकी निर्माण व घरों में नल कनेक्शन लगाने की लगभग 103.56 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई जिसमें 12 मीटर पानी टंकी निर्माण तथा 241 घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध कराना था। गांव में पानी टंकी निर्माण शुरू होने पर गांव के लोगों को घर में ही शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो जाने की आस जगी। ग्रामीणों की आस उस समय निराशा में बदल गई जब पानी टंकी के लिए चार कालम का लगभग चार फीट तक निर्माण होने के बाद काम बंद हो गया। इधर ग्रामीण एक दो माह के भीतर काम शुरू होने की उम्मीद भी परंतु एक साल बाद भी नहीं हो सकी। लंबे समय से काम बंद होने के बावजूद न तो गांव के सरपंच, सचिव द्वारा किसी प्रकार की पहल की गई और न ही संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने रुचि दिखाई। ऐसे में आज भी ग्राम पंचायत पचिरा के ग्रामीण केंद्र सरकारी महत्वाकांक्षी योजना से वंचित है और उन्हें शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सका। पानी टंकी के नहीं बनने के कारण आज तक ग्रामीणों के घरों तक नल कनेक्शन लगाने के लिए पाइप लाइन विस्तार कार्य शुरू नहीं हो सकी। जिस तरह से जल जीवन मिशन योजना का काम चल रहा है उससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्राम पंचायत के लोगों को शुद्ध पेयजल के लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।


पानी टंकी के लिए बनाए गए कॉलम।

#### पानी टंकी बना शो पीस

गांव में लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके इसके लिए लगभग 15 साल पूर्व ही पानी टंकी का निर्माण कराया गया और गांव के लोगों के घर तक नल कनेक्शन लगाया गया। हैरानी की बात यह है कि पानी टंकी और नल कनेक्शन होने के बावजूद ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सकी।

#### ठेकेदार को भेजा गया है नोटिस

ग्राम पंचायत पचिरा में पानी टंकी का निर्माण कार्य कुछ दिनों तक चला जिसके बाद काम बंद हो गया। एक वर्ष में पानी टंकी के चार कॉलम का काम तैयार हो सका है। कार्य शुरू करने के लिए संबंधित ठेकेदार को नोटिस दिया गया है।

-व्हीके मिश्रा, सहायक अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग

# नपा व पंचायतों में मिनी स्काई लिफ्ट मशीन खरीदी में गड़बड़ी

**अम्बिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी द्वारा प्रदेश के नगर पालिका व व नगर पंचायतों में मिनी स्काई लिफ्ट मशीन खरीदी किए जाने को लेकर राज्यपाल से की गई शिकायत के मामले में अवर सचिव ने जांच के निर्देश दिए है। अवर सचिव ने शासन के नगरीय प्रशासन व विकास विभाग को इस संबंध में पत्र लिखा गया है।


आरटीआई कार्यकर्ता व अधिवक्ता डीके सोनी ने बताया कि वर्ष 2018 से 2022 के बेच प्रदेश के अलग अलग नगर पंचायत व नगर पालिका में मिनी स्काई लिफ्ट मशीन की खरीदी की गई थी। इस मशीन के खरीदी को लेकर उन्होंने गड़बड़ी की शिकायत 20 नवंबर को राज्यपाल से की गई थी। उन्होंने बताया कि सप्लायर वंदना एग्रो व अधिकारियों द्वारा मिलीभगत कर प्रदेश में गड़बड़ी की गई। नगर पालिका व पंचायतों में एक ही संस्था से बाजार दर से अधिक कीमत पर मशीनों की खरीदी की गई। उन्होंने बताया कि बाजार में मिनी स्काई लिफ्ट के काफी लोग सप्लायर हैं लेकिन वन्दना एग्रो द्वारा काफी मोटी रकम विभाग के मंत्री एवं अधिकारियों को खिलाकर 5 लाख में मिलने वाली मिनी स्काई लिफ्ट को 14 से 15 लाख रुपए में खरीदा गया और करोडो रुपए का गबन किया गया। इसके साथ ही नगर पंचायत एवं नगर पालिका में जितनी संख्या में मिनी स्काई लिफ्ट खरीदना बताया गया है उतनी संख्या में मिनी स्काई लिफ्ट उपलब्ध नहीं है अधिकारियों के द्वारा फर्जी बिल वाउचर लगाकर बिना मिनी स्काई लिफ्ट लीये उसका भुगतान भी सम्बंधित नगर पंचायत के अधिकारियों के द्वारा कर दिया गया है जो बिल वाउचर से प्रमाणित है। उन्होंने इस पूरे मामले के दस्तावेज व सबूत भी शिकायत के साथ राज्यपाल को पेश किए गए थे। उन्होंने बताइए कि राज्यपाल के अवर सचिव द्वारा डीके सोनी के शिकायत पर सचिव छत्तीसगढ़ .शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर को 8 दिसंबर को पत्र लिखकर शिकायत की जांच के साथ ही आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।



- शिकायत एक बाद राज्य पाल के अवसर सचिव ने दिए जांच के निर्देश

## खेलते-खेलते पानी की बाल्टी में गिरा मासूम, मौत

**बिहारपुर।** ग्राम पंचायत पासल में खेलने के दौरान एक बच्चा पानी से भरी बाल्टी में गिर गया। बच्चे की आवाज सुनकर मां बाहर निकली तब तक बाल्टी में डूबने से बच्चे की मौत हो गई थी। चांदनी थाना अंतर्गत ग्राम पासल में बुधवार को अनफोस तिर्की का एक वर्षीया बेटा आशीष पानी से भरी बाल्टी के पास खेल रहा था। खेलते-खेलते वह बाल्टी में गिर गया। इस दौरान बच्चे के पास परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। बच्चे की मां कमरे में कुछ काम कर रही थी। शिशु की आवाज अचानक से बंद होने पर मां बाहर निकली तो बाल्टी में डूबे बच्चे को बाहर निकाली। परिजन ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर घटनास्थल का निरीक्षण करने उपरांत पुलिस ने पीएम के लिए शव भेजा।



# 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज, 25 जनवरी को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म 'फाइटर' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनीं फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर की मुख्य भूमिका है। ऋतिक रौशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म फाइटर का नया पोस्टर शेयर किया है,जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी नजर आ रहे हैं। पोस्टर शेयर करते हुए ऋतिक रौशन ने कैप्शन में लिखा, एयर ड्रैगन ने आप सबसे 1 महीने में मिलने के लिए अपनी कमर कस ली है। फाइटर थिएटर में 25 जनवरी 2024 को रिलीज हो रही है।

## लाइफ Style



# रेखा

## मुझे तो मार-मारकर एक्ट्रेस बनाया गया

एजेंसी ▸▸ मुंबई

एक्ट्रेस रेखा उन अदाकाराओं में से हैं जिनकी खुद की जिंदगी पर एक फिल्म तक बनाई जा सकती है। शुरू से लेकर आज तक ना जाने कितने ही उतार चढ़ाव देखे हैं रेखा ने अपनी जिंदगी में। वहीं सिमी ग्रेवाल के चैट शो में जब रेखा पहुंचीं तो उन्होंने बताया कि उन्हें एक्टिंग से बिल्कुल लगाव नहीं था और वो कभी एक्ट्रेस भी नहीं बनना चाहती थीं।

वो कभी एक्टिंग की दुनिया में आना ही नहीं चाहती थीं बल्कि उन्हें तो मार-मारकर एक्ट्रेस बनाया गया। रेखा की मां साउथ की जानी मानी एक्ट्रेस थीं लिहाजा वो चाहती थीं कि उनकी बेटी भी एक्टिंग की दुनिया में नाम कमाए। बेहद छोटी उम्र में ही रेखा से उनकी मां ने एक्टिंग करवाना शुरू कर दिया था। शुरुआत में वो साउथ की फिल्मों में ही दिखीं लेकिन 13 साल की उम्र में उन्होंने अपनी मां के साथ मुंबई का रुख किया ताकि वो हिंदी फिल्मों में काम कर सकें। ये इच्छा भी उनकी मां की ही थी ना कि रेखा की। रेखा की पहली हिंदी फिल्म थी सावन भादों थी जिसमे वो नवीन निश्चल के अपोजिट नजर आई थीं। इस फिल्म के लिए उन्हें काफी सराहा गया था। वहीं फिल्म रिलीज होने के बाद रेखा और नवीन निश्चल का नाम एक दूसरे के साथ खूब जुड़ा। कहा जाता है कि शूटिंग के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई थीं। एक्ट्रेस रेखा ने ये भी रिवील किया कि उनका पूरा बचपन खिलौनों की बजाय सेट पर काम करते हुए बीता जो उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं था। लिहाजा वो शूटिंग से ब्रेक लेने का बहाना बनाया करती थीं कभी बुखार तो कभी कुछ कहकर वो सेट से कई-कई घंटों के लिए गायब हो जाया करती थीं।

## हॉलीवुड मसाला



# पैरासाइट फेम एक्टर नहीं रहे

**लॉस एंजिलस।** साउथ कोरिया के जाने माने एक्टर ली सुन क्युन ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। खबरों के अनुसार, अभिनेता का शव उनकी कार में मिला जिसके बाद पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है। पुलिस को इस बात का शक है कि अभिनेता ने सुसाइड की है। आपको बता दें कि ली ने ऑस्कर विनिंग 'पैरासाइट' फिल्म में मुख्य रोल निभाया था। इनके इस रोल को लोगों ने काफी पसंद किया था। इसके अलावा इन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 2000 में फिल्म 'साइको ड्रामा' से की थी।



# भारत में छुट्टियां मनाने आईं पॉप सिंगर लीपा, पहुंचीं राजस्थान

**मुंबई।** भारत आईं पॉप सिंगर दुआ लीपा इन दिनों राजस्थान की सैर पर हैं। दुआ राजस्थान की सड़कों पर आराम से घूमते हुए स्पॉट हुईं। इस मशहूर पॉप सिंगर ने राजस्थान से कई फोटोज शेयर की हैं.।जिसमें वो कभी कैमरे के सामने सेल्फी लेती नजर आईं तो कभी वहां की फेमस जगहों पर फोटोज क्लिक करवाती दिखीं। दुआ ने इन तस्वीरों को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। फोटोज को शेयर कर कैप्शन में लिखा- 'मेरी तरफ से आप सभी को हैप्पी हॉलीडे। आप सभी को ढेर सारा प्यार, गुड हेल्थ और ढेर सारी खुशियां अगले साल के लिए सेंड कर रही हूं। राजस्थान में पर्यटकों की भारी भीड़ की वजह स्थानीय लोग इस सेलिब्रिटी से अनजान हैं और वे उन्हें पहचानने नहीं पा। हालांकि पॉप सिंगर राजस्थान में कहां पर गई हैं इस बात की जानकारी नहीं है।



# रणबीर को मारे थे 20-25 थप्पड़...

**मुंबई।** संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' को रिलीज हुए एक महीना होने वाला है। फिल्म के एक दृश्य में रश्मिका मंदाना रणबीर को जोरदार थप्पड़ मारती हैं। जानिए, इस दृश्य में कैमरे के पीछे क्या हुआ था। फिल्म के एक दृश्य में करवाचौथ के मौके पर गीतांजली (रश्मिका) रणविजय (रणबीर) को खूब-खरी खोटी सुनाती है। इस दृश्य में रश्मिका के अभिनय की खूब तारीफ हुई जिसमें वे रणबीर को थप्पड़ मारती हैं। एक इंटरव्यू में वांगा के भाई प्रणय ने बताया कि शूटिंग के दौरान रणबीर ने रश्मिका से कहा था यह अच्छे से शूट हो, इसके लिए वह उन्हें चाहे जितनी बार मार सकती हैं। अच्छे शॉट के लिए रश्मिका ने रणबीर को 20-25 थप्पड़ भी मारे थे। रणबीर इस दृश्य की भावनाओं को अच्छे से दिखाना चाहते थे।




# 'मेरी क्रिसमस' एक बार फिर बड़े पर्दे पर

**मुंबई।** 'टाइगर 3' की ग्रैंड सक्सेस एंजॉय कर रही कैटरीना कैफ जल्द ही 'मेरी क्रिसमस' से एक बार फिर बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली हैं। इस फिल्म में कैटरीना पहली बार साउथ एक्टर विजय सेतुपति संग स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। वहीं इन सबके बीच मेकर्स ने 'मेरी क्रिसमस' का टाइटल ट्रैक सॉन्ग का ऑडियो क्लिप रिलीज कर दिया। मेकर्स ने कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की तस्वीरों के साथ ऑडियो क्लिप रिलीज किया है। इसे शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, परफेक्ट केरी क्रिसमस 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'मेरी क्रिसमस' को दो भाषाओं में शूट किया गया बता दें कि 'मेरी क्रिसमस' का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

## टीवी मसाला



# 3 जनवरी को होगा नए टीवी शो मेरा बलम थानेदार का प्रीमियम

**मुंबई।** नया टीवी सीरियल मेरा बलम थानेदार 3 जनवरी से प्रसारित होगा। नए टीवी शो में विपरीत विचारधारा वाले दो व्यक्तियों की इस अनूठी प्रेम कहानी के साथ विविध विषयों को पेश किया जाएगा। शो में शगुन पांडे और श्रुति चौधरी क्रमशः वीर प्रताप सिंह और बुलबुल राजावत की भूमिका में हैं। इसमें एक जोड़े की प्रेम कहानी को दर्शाया गया है, जिनकी शादी एक झूठ पर आधारित है, जिसके कारण उनके रिश्ते की नींव ढह सकती है। शशि सुमीत प्रोडक्शंस की ओर से निर्मित, 'मेरा बलम थानेदार' का प्रीमियर 3 जनवरी को होगा और हर सोमवार से शुक्रवार रात 9:30 बजे प्रसारित होगा। शो को राजस्थान की सुरम्य पृष्ठभूमि पर सेट किया गया है। 'मेरा बलम थानेदार' सीरियल बुलबुल और वीर के जीवन को दर्शाता है, जो दिन और रात की तरह अलग-अलग हैं, लेकिन उनकी नियति आपस में जुड़ी हुई है। वीरप्रताप सिंह की भूमिका निभाने पर अपने विचार साझा करते हुए, शगुन पांडे कहते हैं, मैं किसी भी तरह के धोखे के खिलाफ मजबूती से खड़े होने वाले, एक ईमानदार आईपीएस अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए रोमांचित हूं। मैं इस तरह की भूमिका का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा था।

# आयशा के लिए मुनव्वर ने छोड़ा अपनी दोस्त का साथ

**नई दिल्ली।** बिग बॉस के घर में हर दिन कुछ ना कुछ नया होता रहता है। रिश्ते मिनटों में बदल जाते हैं। वहीं जब से मुनव्वर की गर्लफ्रेंड आयशा बिग बॉस के घर में आई है तब से सब कुछ बदल गया है। मुनव्वर अपने पुराने दोस्तों से लड़ने लगे हैं। वहीं बीते दिन देखा गया कि कैसे मुनव्वर एक छोटी सी बात पर मनारा का डांटने लगते हैं। वीकेंड के वार के बाद से ही मुनव्वर पूरे तरीके से बदले- बदले नजर आ रहे हैं। वहीं विक्की जैन और अंकिता लोखंडे के बीच इन दिनों जमकर लड़ाई हो रही हैं। एक वायरल वीडियो में दिख रहा था कि विक्की- अकिता को मारने की कोशिश करते हैं। वहीं इस पर अंकिता और विक्की दोनों यही कहते हैं कि वह केवल बेड से उतर रहे थे। वहीं बीते दिन अंकिता कहती हैं कि तुझे सबकी दिक्कत दिखती है लेकिन क्या तुझे पता भी है कि मेरे साथ क्या दिक्कत है।



# फिर से जलवा दिखाने आ रहा टीपू ...

**मुंबई।** राजकुमार राव की वेब सीरीज 'गन्स एंड गुलाब्स' के दूसरे सीजन का ऐलान हो गया है। दूसरे सीजन का ऐलान करते हुए एक वीडियो भी शेयर किया है। इस सीजन का पहला पार्ट इसी साल 18 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुआ था। जो इस साल की सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली वेब सीरीज में एक है। 'गन्स एंड गुलाब्स' का दूसरा सीजन जल्द ही ओटीटी पर दस्तक देने वाला है. इसका ऐलान करते हुए वेब सीरीज के मेन हीरो राजकुमार राव ने लिखा- 'आपका इतना प्यार पाना, टीपू के लिए प्रेम पत्र से कम नहीं था। टीपू का जलवा देखना मत भूलना। गन्स एंड गुलाब्स सीजन 2, जल्द आ रहा है नेटफ्लिक्स पर। इस वेब सीरीज की कहानी की बात करें तो ये 1990 दशक के गुलाब गंज के नाम के शहर के इर्द गिर्द घूमती है। फिल्म में नब्बे के गानों का खूब तड़का लगाया गया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' को लेकर सुर्खियों में है। कुछ दिनों पहले इस फिल्म की शूटिंग की खबरें आई थी। वहीं इस साल की बात करें तो 'भीड़' फिल्म रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया था राजकुमार राव की जिंदगी 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' फिल्म ने बदल दी। इस फिल्म में एक्टर का रोल भले ही छोटा था लेकिन उनके करियर को बूस्ट कर दिया।



# 'अगर पहनूंगा तो असली जेवर, नहीं तो...' अड़ गए राजकुमार

## रोक दी शूटिंग, अटक गई थीं मेकर्स की सांसें, फिर...

**मुंबई।** अक्खड़ मिजाज, मुंहफट और बेबाक अंदाज, चाल-ढाल में शेरों जैसा रौब, धमाकेदार आवास, मदमस्त अंदाज और सख्त मिजाज वाले एक्टर राजकुमार का एक दौर था। इनके फेमस डॉयलॉग्स आज भी लोगों की जुबान पर हैं। वह पुलिस की नौकरी छोड़कर बॉलीवुड में आए थे, यहां भी उनका रौब कुछ ऐसा ही रहता था। इंडस्ट्री में राजकुमार साहब अपने तीखे तेवर और विवादित बोल के लिए जाने जाते थे। 1968 में उन्होंने असली जेवर पहनने की जिद में फिल्म की शूटिंग बीच में ही रोक दी, जिसके बाद तो डायरेक्टर के पसीने छूट गए थे।



***नीलकमल फिल्म में रही ये कास्ट*** : ये फिल्मों का वो दौर था, जब कम बजट में डायरेक्टर को फिल्म पूरी करके समय पर रिलीज करनी होती थी। 1968 में वहीदा रेहमान, राजकुमार, मनोज कुमार, मेहमूद, बलराज साहनी, ललिता पवार जैसे दिग्गजों से सजी एक फिल्म रिलीज हुई, जिसका नाम था नीलकमल। फिल्म को डायरेक्टर राम माहेश्वरी ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में राजकुमार का किरदार एक 'मूर्तिकार' का था, इसके अलावा राज कुमार को इसमें कुछ गहने भी पहनने थे।

***नकली जेवर देखकर भड़क गए राजकुमार*** : जब फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई तो राज कुमार अपने लिए आए नकली आभूषणों को देखकर गुस्सा से लाल हो गए। सेट पर उन्हें गुस्से में देख साथी कलाकार और क्रू परेशान हो गई। गुस्से से लाल राजकुमार डायरेक्टर के पास पहुंचे और गुस्से में बोले- 'अगर पहनूंगा तो असली जेवर, नहीं तो शूटिंग नहीं करूंगा। ये सुनकर डायरेक्टर के हाथ पैर फूल गए।

### कई दिनों तक रुकी रही शूटिंग

काफी समझाने के बाद भी राज कुमार अपनी जिद पर अड़े रहे। डायरेक्टर राम माहेश्वरी घबराकर नील कमल के प्रोड्यूसर पन्ना लाल माहेश्वरी के पास पहुंचे और उन्होंने राज साहब की जिद को उनके सामने रख दी। कई दिनों तक शूटिंग रुकी रही, जिसकी वजह से फिल्म के मेकर्स का नुकसान होता रहा।

### आखिर में मंगवाना ही पड़े असली सोने के गहने

डायरेक्टर व प्रोड्यूसर दोनों के पास कोई दूसरा रास्ता भी नहीं था, क्योंकि फिल्म की कुछ शूटिंग हो चुकी थी। आखिरकार प्रोड्यूसर ने किसी तरह जुगाड़ करके असली गहनों का इंतजाम किया। उसके बाद ही राजकुमार ने फिल्म का पहला शॉट दिया। वो राज कुमार ही थे, जो ठान लेते थे वही करते भी थे।

## एक्शन फिल्मों के शौकीन हैं तो देख डालिए

# ओटीटी पर हॉलीवुड की हिंदी में डब 2023 की ये बड़ी एक्शन फिल्में

*मुंबई। एक्शन फिल्मों के शौकीन लोगों के लिए साल 2023 बेहद खास रहा, क्योंकि इस साल हॉलीवुड की 5 बड़ी एक्शन फ्रेंचाइजी की फिल्में रिलीज हुईं। इन फिल्मों की खास बात ये है कि इनमें से हर फिल्म हिंदी में डब की गई है। इससे पहले कि साल 2023 विदाई ले इन फिल्मों को अपनी वॉचलिस्ट में जरूर जोड़ लीजिए। ये फिल्में आपकी बॉडी की एड्रेनल ग्लैंड को एड्रेनालाईन हार्मोन रिलीज करने पर मजबूर कर देंगी। चलिए एक नजर डालते हैं इस साल की इन 5 बेहतरीन एक्शन फिल्मों पर।*




### जॉन विक-4

ये कहानी उस जॉन विक की है जो आम दुनिया के बीच ही पनपी एक अलग जरायम की दुनिया का सबसे खूंखार इंसान है। हमेशा शांत दिखने वाला जॉन ने छोटी-छोटी दिखने वाली बातों के लिए हजारों लोगों को खत्म कर दिया है। इस फिल्म में भी आप जॉन को ऐसा ही करते देख पाएंगे। 24 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम पर रेंट देकर देख सकते हैं।

### फास्ट एक्स




डोमिनिक (विन डीजल) की पूरी फैमिली इस साल थिएटर में 19 मई को फिर से लौटी फास्ट एंड फ्यूरियस सीरीज के 10वें पार्ट 'फास्ट एक्स' के साथ। फिल्म का पहला पार्ट साल 2001 में आया था। तब से आने वाले अगले हर पार्ट में फिल्म अपनी ही पुरानी फिल्म के एक्शन से एक कदम आगे निकल जाती। बैकग्राउंड में बजते गानों के साथ फिल्म के कार चेज सीन बांधकर रखते हैं। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम पर रेंट देकर देख सकते हैं।

### एक्सट्रैक्शन-2




थॉर फेम एक्टर क्रिस हेम्सवर्थ की एक्सट्रैक्शन 2 इस साल 9 जून को रिलीज हुई। 3 साल बाद लौटी एक्सट्रैक्शन की टीम का ठिकाना बदल चुका है। अब वो बांग्लादेश से निकलकर यूरोप पहुंच चुकी है। इस बार भी इस टीम को एक फैमिली को बचाने का काम मिलता है। फिल्म के एक्शन एकदम रॉ रखे गए हैं, जो देखने लायक हैं और डराते हैं। अगर आपके पास नेटफ्लिक्स का सब्सक्रिप्शन है, तो आपको ये फिल्म यहां देखने को मिल जाएगी।


### द इक्वलाइजर-3




इस सीरीज की पुरानी फिल्मों की तरह ही इसमें भी फिल्म के लीड डेंजेल वॉशिंगटन शांत चेहरे के साथ 'कूल' एक्शन करते दिखे हैं। फिल्म का लीड शांत दिखता है लेकिन उसके अंदर एक कोल्ड ब्लडेड कातिल छुपा है जो किसी के साथ बुरा होते देखते ही जग जाता है। उनका ये रूप देखकर आपके रोंगटे जरूर खड़े हो जाएंगे। ये फिल्म आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### मिशन इंपॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट 1

मिशन इंपॉसिबल सीरीज की ये फिल्म इसी साल 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को अमेजन प्राइम पर रेंट देकर देखा जा सकता है। फिल्म में टॉम क्रूज को वो हर इंपॉसिबल स्टंट करते हुए देखे जा सकते हैं जिनके लिए उनकी ये फ्रेंचाइजी दर्शकों की मनपसंद फिल्म बनी हुई है। सांस थाम देने वाले एक्शन से भरपूर इस फिल्म ने इंडिया में 100 करोड़ से ज्यादा कमाई की है।



29 Dec-Jash Bhoomi pg 4_Layout 1 12/29/2023 8:34 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई

**सारंगढ़।** एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन ने अवैध खनिज रेत और गिट्टी परिवहन कर रहे 2 हाइवा और 2 ट्रेक्टर को जप्त कर सारंगढ़ थाना को सुपुर्द किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कानून अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

### अवैध खनन में संलग्न खुदाई मशीन जब्त



**सारंगढ़।** खनिज अधिकारी एच डी भारद्वाज ने पुलिस, राजस्व और खनिज विभाग के संयुक्त दल के साथ कटंगपाली क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। दल ने कटंगपाली में मिट्टी के अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर एक जेसीबी को स्थल पर ही जब्ती की कार्यवाही की गई।

### देशभक्ति की कहानी निःशुल्क दे रही विद्या भारती

**रायगढ़।** विद्या भारती सरस्वती शिक्षा संस्थान द्वारा 318 साल पहले गुरू गोविन्द सिंह के पुत्रों के बलिदान की कहानी छोटे साहिबजादे ईबुक के रूप में निशुल्क दी जा रही है। सरस्वती शिक्षा संस्थान के प्रचार प्रमुख संस्कार श्रीवास्तव ने बताया कि इसके लिए इच्छुक नागरिक 9893598836 पर व्हाट्सएप कर सकते हैं। सशिसं ने इस प्रेरणास्पद गाथा को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का निवेदन किया है जिससे कि आज की पीढ़ी को मुगलकालीन भारतीय इतिहास के संबंध में त्याग बलिदान देशभक्ति की जानकारी उपलब्ध कराई जा सके।

### संयुक्त शिक्षक संघ की पूर्व विधायक से भेंट

**रायगढ़।** संयुक्त शिक्षक संघ के उपप्रांताध्यक्ष गिरजा शंकर शुक्ला व जिला अध्यक्ष राजकमल पटेल के नेतृत्व में सभी ब्लॉक अध्यक्षों एमडी महंत, अजय पटनायक, दीनबंधु जायसवाल व सौरभ पटेल, शैलेंद्र मिश्रा, दुरेंद्र नायक, अवधूत चौहान, रामानंद चौहान, नेहरू निषाद, रविंद्र पटेल, कार्तिक चौहान, बाबूलाल भार्गव व संयुक्त शिक्षक संघ के पदाधिकारी गण पूर्व विधायक विजय अग्रवाल से सौजन्य मुलाकात कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर बधाई दिए एवं अपनी मांगों को रखा जिसमें पूर्व विधायक अग्रवाल जी ने शासन स्तर से हर संभव काम शिक्षक हित में कराने का आश्वासन दिए।

### कामधेनु के चैनल पार्टनर्स मीट का आयोजन

**रायगढ़।** अपने चैनल पार्टनर्स की सफलता का जश्न मनाने और उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मानित करने के लिए खुदरा क्षेत्र में ब्रांडेड टीएमटी बार्स के भारत के सबसे बड़े निर्माता और विक्रेता कामधेनु लिमिटेड ने अपने रायगढ़ और ओडिशा के आस पास डीलरों के लिए एक डीलर मीट का आयोजन किया। इस क्षेत्र के डीलरों को विभिन्न श्रेणियों में विभिन्न पुरस्कारों और प्रशंसापत्रों से सम्मानित किया गया। कामधेनु लिमिटेड ने इस चैनल पार्टनर्स मीट के दौरान अपनी बिक्री को दोगुना करने का एक साहसिक दृष्टिकोण व्यक्त किया। कंपनी ने महत्वपूर्ण व्यापार वृद्धि के लक्ष्य के साथ एक रणनीतिक दिशा को उजागर करते हुए इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### भूमि संबंधी विवादों के लिए पृथक दस्ते की मांग : चेंबर

**रायगढ़।** प्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन रायगढ़ ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मांग की है कि प्रदेश में भूमि विवादों के प्रकरणों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिसमें फंसकर कई सीधे साधे लोग अपने हक भूमि से हाथ धो कर बैठ रहे हैं। ऐसे प्रकरणों के सुनवाई एवं उसमें पुलिस की दखल रहने के उद्देश्य से राजस्व विभाग एवं पुलिस दोनों विभागों के नुमाइंदों की एक पृथक सेल प्रत्येक जिले में गठित की जानी चाहिए जिसमें भूमि संबंधी मामलों की सुनवाई हो और दोषी व्यक्तियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए।

## प्रेस क्लब रायगढ़ ने किया साय और ओपी का अभिनंदन

# सीएम विष्णुदेव ने लिया बालयोगी और गुरु प्रियदर्शीराम का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

27 दिसंबर को दो दिवसीय रायगढ प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय का रायगढ प्रेस क्लब ने नगर विधायक ओपी चौधरी के साथ आत्मीय अभिनंदन किया। इसके बाद बुधवार देर रात मुख्यमंत्री कोसमनारा स्थित बाबाधाम पहुंचे और बालयोगी बाबा सत्यनारायण का आर्शीवाद लिया। वहीं रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन गुरुवार को सीएम साय बनोरा स्थित अघोर गुरुपीठ पहुंचे और बाबा प्रियदर्शी राम का चरणवंदन किया। इसके बाद सीएम अपने गृह जिले जशपुर के लिए रवाना हो गए।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नियुक्त होने के बाद विष्णुदेव साय पहली बार 27 दिसंबर को रायगढ पहुंचे थे। जहां नगर विधायक ओपी चौधरी के साथ उनका रोड शो आयोजित हुआ। इसके बाद सीएम का जनसंबोधन भी गांधी प्रतिमा के समीप आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री बुधवार देरशाम शहर के नवनिर्मित अग्रोहाधाम के लोकापर्ण में शामिल हुए। जहां मुख्यमंत्री ने अग्र समाज की मांग पर अस्पताल और कालेज निर्माण के लिए शासन से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### बाबा सत्यनारायण का लिया आशीष

रायगढ में अपने जनसंबोधन के आरंभ में कोसमनारा की तपोस्थली बाबा सत्यनारायण के जयकारे लगाते मुख्यमंत्री बुधवार रात बालयोगी के दर्शन करने कोसमनारा जा पहुंचे। यहां प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में मुख्यमंत्री ने बाबा सत्यनाराण का आर्शीवाद लिया और नए दायित्व के कुशल निर्वहन की प्रार्थना की।





अघोर आश्रम में गुरुदेव और सत्यनारायण धाम में बाबाजी का आर्शीवाद लेते सीएम विष्णुदेव।

### अघोर गुरुपीठ पहुंचे मुख्यमंत्री

गुरुवार सुबह करीब 5 बजे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बनोरा स्थित अघोर गुरुपीठ आश्रम पहुंचे और पूज्य अघोरेश्वर के प्रतिमा के सामने माथा टेका उसके बाद पूज्य पाद बाबा प्रियदर्शी राम का आशीर्वाद ग्रहण किया। प्रदेश की सुख शांति समृद्धि का आशीर्वाद मांगते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा के स्थापित उद्देश्य राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझना, मानव मात्र को भाई समझना, नारी के लिए मातृ भाव रखना, बालक बालिकाओं के बहुमुखी विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाना, असहाय एवं उपेक्षित लोगों की सहायता करना तथा उनके प्रति समाज में मर्यादित भाव जागृत करनाएमानव धर्म की मूल भावनाओं के विचार विनिमय के लिए समान मंच प्रदान करनाए। रूढ़िवादिता अंधविश्वास नशा खोरी तिलक दहेज जैसी सामाजिक बुराई के संपूर्ण उन्मूलन हेतु सफल प्रयास करना आदि उद्देश्यों को आज के दौर की राजनीति के लिए भी प्रासंगिक बताते हुए कहा प्रदेश के बहुमुखी विकास के लिए बाबा प्रियदर्शी राम का मार्गदर्शन सदैव मिलता रहेगा।

### रायगढ़ और जशपुर का होगा सर्वाधिक विकास : साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगर विधायक ओपी चौधरी के सम्मान में रायगढ प्रेस क्लब का अभिनंदन समारोह बुधवार शाम एक तीन सितारा होटल में आयोजित किया गया था। जहां प्रेस क्लब के सरंक्षक उदयराम थवाईत व क्लब के अध्यक्ष हेमंत थवाईत के अलावा प्रेस क्लब के तमाम पत्रकारों ने मुख्यमंत्री और केबिनेट मंत्री का स्मृति चिन्ह, शॉल व पुष्प गुच्छ से आत्मीय अभिनंदन किया। इस दौरान अपने संबोधन में सीएम साय ने स्पष्ट कहा कि सरकार पूरे प्रदेश में समानातर विकास का कार्य करेगी लेकिन रायगढ और जशपुर का मामला अलग रहेगा। उन्होंने मंच से नगर विधायक व केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी को न केवल रायगढ बल्कि जशपुर जिले के भी विकास कार्यो की प्राथमिकता तय करने की जिम्मेदारी सौंपी और मोदी की गारंटी में शामिल सभी वादे भ्रष्टाचार मुक्त शासन के साथ पांच साल के कार्यकाल में पूरा करने का विश्वास दिलाया। इसी कडी में ओपी चौधरी ने भी रायगढ के मतदाताओं का भरोसा और उम्मीद कायम रखने का विश्वास दिलाते हुए महज दो साल के भीतर रायगढ में बदलाव होने का दावा किया। इस सम्मान समारोह में सरायपाली विधायक संपत अग्रवाल, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रखर वक्ता मुकेश जैन ने किया।



## प्लेसमेंट कर्मचारियों को मिलेगा बढ़ा वेतन, एमआईसी में निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम के अंतर्गत कार्य प्लेसमेंट कर्मचारियों को अब बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। एमआईसी की बैठक में शासन के आदेश की पुष्टि की गई। महापौर श्रीमती जानकी काटजू की अध्यक्षता में दोपहर 3 से एमआईसी की बैठक शुरू हुई। सबसे पहले राष्ट्रीय परिवार सहायता एजेंडा पर चर्चा की गई। 10 पात्र के हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने स्वीकृति दी गई। इसी तरह इंदिरा गांधी वृद्धा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन, सुखाद सहारा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, कुल 29 प्रकरणों की स्वीकृति दी गई। इसके बाद आंगनवाड़ी सहायिका के पद एवं आंगनवाड़ी के नियमों के संशोधन की शासन के पत्र अनुसार स्वीकृति दी गई। इसी तरह कुशल, अर्ध कुशल एवं अकुशल कर्मचारी के बढ़े हुए वेतन स्वीकृति दी गई। अब अकुशल को 10360 रुपए अर्धकुशल को 11010 रुपए एवं कुशल को 11790 रुपए वेतन मिलेगा। बैठक में एमआईसी सदस्यों के एजेंडा से संबंधित किए गए प्रश्नों के उत्तर कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने दिया। बैठक में एमआईसी सदस्य विकास ठेठवार, रमेश भगत, राकेश तालुकदार, शेख सलीम नियारिया, रत्थू जायसवाल, संजय चौहान, श्रीमती लक्ष्मीन मिरी सहित सभी विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### संभाग आयुक्त का धान खरीदी केन्द्रों में निरीक्षण

**सारंगढ़।** बिलासपुर संभाग आयुक्त राजस्व केडी कुंजाम गुरुवार को जिले के दौरे में थे। आयुक्त श्री कुंजाम ने सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम गुडेली के धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किए। वहां कुंजाम ने किसानों और प्रबंधक से धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में जानकारी लिया और खाद्य अधिकारी को आवश्यक बारदाना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार श्री कुंजाम ने बिलाईगढ़ विकासखंड के सरसीवां धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किए।

## खुडखुडिया में जुआ खेल रहे दो गिरफ्तार, 10 हजार जब्त

**रायगढ़।** जिले के घरघोड़ा, लैलूंगा, तमनार क्षेत्र में लगने वाले स्थानीय मेले में बाहरी व्यक्तियों द्वारा खुडखुडिया नामक जुआ खिलाने की सूचनाएं मीडिया के माध्यम प्राप्त हो रही थी जिसे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा एवं अनुविभाग के थाना प्रभारियों को खुडखुड़िया जुआ पर प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया गया था निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चन्द्रा द्वारा मुखबिरों को एक्टिव कर सूचनाएं देने लगाया गया था।

इसी क्रम में कल रात्रि मुखबिर द्वारा कंचनपुर मेला में बाहरी व्यक्तियों के द्वारा खुडखुडिया खिलाने के संबंध में सूचना दिया गया। थाना प्रभारी द्वारा कार्रवाई के लिये टीम तैयार कर बीते रात्रि करीब 01.00 बजे गस्त टीम के साथ मेले में घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गयाए जहां पेट्रोमैक्स गैस की रोशनी से कुछ जुआडियान खुडखुडिया खेलते दिखे। पुलिस टीम की घेराबंदी देख कुछ जुआ खेलने वाले भाग गए दो जुआडियान को पकड़ा गयाए मौके पर पकडे गये आरोपियान कांसीराम राठिया पिता अमल सिंह उम्र 22 वर्ष साण झरना थाना तमनार दीपक निराला पिता छतर सिंह निराला उम्र 28 वर्ष साण गिधा थाना खरसिया जिला रायगढ़ के कब्जे से खुडखुड़िया सामग्री के साथ जुआ में लगी 'नकदी रकम 10,740 की जप्ती कर आरोपियों को थाना लाया गया जिन पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई किया गया है। जुआ रेड कार्रवाई में टीआई शरद चन्द्रा] एसआई करमूसाय] हेड कांस्टेबल अवध बिहार और कांस्टेबल देवनंदन राठिया शामिल थे।



### बडेहरदी और सोडेकेला में संकल्प शिविर

**पुसौर।** पुसौर जनपद के ग्राम पंचायत बडेहरदी एवं सोडेकेला में सम्पन्न हुआ। 11 बजे से 2 बजे बडेहरदी में आयोजित कार्यक्रम में यहां के सरपंच शुद्धासु शेखर साहू एवं सचिव संतराम साहू सहित समूचे पंचायत पदाधिकारियों की व्यवस्था में हुआ। उक्त शिविर में जैसे ही संकल्प रथ पहुंचा तो उसका स्वागत दीप, कलश और आम के तोरण से किया गया और शिविर की गतिविधियां प्रारंभ हुई। इसके पश्चात 2 बजे से 5 बजे तक पडोस के ग्राम सोडेकेला में पुनः शिविर आयोजित हुई। उक्त शिविर में यहां के सचिव मिथिलेस साहू, सचिव शिशुपाल गुप्ता, दो पूर्व सरपंच, गणमान्य नागरिक एवं धरती कहे पुकार के की टीम ने कार्यक्रम को गति देने में महत्वपुर्ण भूमिका निभाई।

## जंगल में मिले शव की जांच पूरी हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत 22 दिसंबर को ग्राम नवीन कुंजरा के जंगल में बांध किनारे एक अज्ञात युवक 25-30 साल का शव नग्न अवस्था में पड़ा मिला था।

लैलूंगा पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मृतक के वारिसानों की पतासाजी में जुटी हुई थी कि उसी दिन मृतक के हुलिए के अनुरूप गुम इंसान विनय कुमार निषाद पिता शिवकुमार निषाद उम्र 25 साल निवासी मोहतराना थाना सरसींवा के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज करने उसी के गांव का खगेश साहू उसके फूफा के लड़के रिस्ते के भाई निलेश साहू के साथ थाने पहुंचा था। थाना प्रभारी लैलूंगा ने एक अज्ञात युवक का शव नवीन कुंवारा जंगल में मिलने की जानकारी खगेश को दिया। तब खगेश साहू जाकर शव को देखा और शव की शिनाख्त उसके साथ रहकर कमांडर जीप चलाने वाला विनय निषाद के रूप में किया। रिपोर्टकर्ता खगेश साहू ने बताया कि वह घर ढलाई करने वाली मिक्सर मशीन रखा है। लैलूंगा, घरघोड़ा क्षेत्र में छत ढलाई का काम ठेका पर लेकर करता है। वर्तमान में ग्राम कुंजारा में किराया मकान लेकर पत्नी सावित्रीए पत्नी के मामा का लड़का नितेश साहू और जीप कमांडर चलने वाला विनय निषाद साथ रहते थे। 18 दिसंबर को लैलूंगा में मकान ढलाई के बाद घर आये दूसरे दिन 19 दिसबंर की सुबह विनय बिना बताए कहीं चला गया और वापस नहीं आया है जिसे खोजबिन किए पता नहीं चला। कुंजारा जंगल में एक व्यक्ति का शव देखे जो विनय का है। लैलूंगा पुलिस द्वारा मर्ग जांच और खगेश के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में रिपोर्टकर्ता खगेश साहू और नीलेश से विस्तृत पूछताछ किया गया जो घटना से इंकार कर विनय को 19 दिसंबर के सुबह बिना बताए घर से कहीं चले जाने की बात पर अडिग थे। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर आगे बढ़ रही थी कि पुलिस टीम द्वारा खगेश और नीलेश की 18 और 19 दिसंबर के गतिविधियों को चेक किया गया और उनके संपर्क में आए लोगों से पूछताछ कर तस्दीक किए। इसी दरम्यान एक गवाह ने बताया कि 18-19 दिसंबर की रात खगेश साहू बार.बार कॉल कर उन्हें कुंजरा, लैलूंगा बुला रहा था पर वे नहीं गए। इस संबंध में खगेश और निलेश से पूछताछ किया गया कि किन कारणों से वे उन्हें देर रात कुंजारा बुला रहा था तो निलेश और खगेश दोनों के बयान अलग अलग थे। दोनों से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर खगेश ने अपने पत्नी सावित्री साहू और नितेश साहू के साथ मिलकर विनय की तकिया से नाकए मुंह दबाकर हत्या करने की वारदात को कबूल कर घटना का वृतांत बताया कि 18 दिसंबर को जूनाडीह लैलूंगा में मकान ढलाई का काम करने के बाद शाम करीब 7-8 बजे किराए मकान कुंजरा में आए और विनयए खगेश और निलेश तीनों एक साथ खाना पीना किए। इनके किराए के मकान में दो घाट है एक खाट में तीनों युवक सोए थे बगल की खाट में खगेश की पत्नी सावित्री साहू सोई थीए रात्रि में विनय, सावित्री के साथ गलत हरकत करने लगा जिसका विरोध करने पर विवाद हुआ और खगेश ने विनय का मुंह से दबाया जिसके बाद निलेश और उसकी पत्नी सावित्री ने विनय निषाद के नाक मुंह को तकिए से दबाकर उसकी हत्या कर दिए। देर रात लाश को नीलेश और खगेश ने निलेश के मोटरसाइकिल के बीच में विनय के शव को रखकर ऐसे रास्ते का उपयोग किया जहां सीसीटीवी के नजर में ना आए और देर रात शव जंगल बांध के किनारे ले गए।

- थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवीन कुंजरा के जंगल में वारदात को दिया गया था अंजाम

## तमनार में दिखा विकसित भारत संकल्प यात्रा का उत्साह

**तमनार।** तमनार में 27 दिसंबर को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्रामीणों में खासा उत्साह नजर आया। संकल्प यात्रा टीम को गाजे बाजे के साथ आरती उतारकर पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जानकारी के साथ लाभ लेने प्रेरित किया गया। जागरूकता रथ में प्रोजेक्टर में माध्यम से योजनाओ की जानकारी दी जा रही है। विभिन्न योजनाओ के हितग्राहियो ने उनके सफलता पर मेरी कहानी मेरी जुबानी बताने पर ग्रामीणजन भी उत्साहित हो रहे हैं। बेटियो द्वारा मनमोहक गीत, सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुति से अतिथिगण ग्रामीण गदगद हुए। विधायक सुनीति राठिया ने कहा कि विकसित भारत सांकल्प यात्रा में केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ का समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने के उद्देश्य से लाभ लेने लाभार्थीयो को प्रेरित की जा रही है। पूर्व विधायक सुनीति राठिया, ग्राम प्रमुख अश्वनी पटनायक, सरपंच गुलापी सिदार, बीडीसी ममता साव, बीडीसी गायत्री बेहरा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विनायक पटनायक, रामचरण कुम्भकार, गीतांजलि पटनायक, गीता बारीक़, श्यामा उरांव, पुष्पा श्रीवास, नांथु उरांव, रूपचन्द्र गुप्ता, विनय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ नागरिक सैकड़ो ग्रामीणों की उपस्थिति रही।





## प्रभावित ग्रामीणों का एसईसीएल प्रबंधन पर फूटा आक्रोश

**रायगढ़।** गुरुवार को ग्राम बरौद के भूमिहीन एवं अन्य बेरोजगारों तथा पंचायत पदाधिकारियों एवं जनपद पंचायत सदस्य द्वारा एसईसीएल उपक्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय का किया घेराव प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन एसईसीएल के आऊटसोर्सिंग कम्पनी में मिलना चाहिए रोजगार कि प्रथम प्राथमिकता मांगें पुरी नहीं होने पर करेंगे आन्दोलन प्राप्त जानकारी अनुसार आऊटसोर्सिंग कम्पनी द्वारा आस पास के लोगों को रोजगार दे रहीं है और ग्रामीणों को आज आना कल आना बोलकर घुमाया जा रहा हैं जब तक ग्राम बरौद के विस्थापित भूमिहीन व अन्य बेरोजगार 60 व्यक्तियों की सूची प्रबंधन प्रशासन को दिया जा चुका है तथा आवश्यक दस्तावेज केएलपी आऊटसोर्सिंग कम्पनी के पास जमा है हमारे बरौद के बेरोजगारों को रोजगार पूर्ण हो जाने के बाद अन्य गांव के व्यक्तियों को रोजगार दिया जावे नहीं तो करेंगे उग्र आन्दोलन आक्रोश ग्रामीणों ने एक शुर में कहां विस्थापित हमें होना है धुलदस्ट हम खा रहें हैं घर हमारी टुट रहीं हैं मूलभूत सुविधाएं हमारी छाती हो रहीं हैं आऊटसोर्सिंग कम्पनी में पहले ग्रामीणों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

- नारेबाजी के साथ सौंपा ज्ञापन

### गर्भवती महिला को पुलिसकर्मियों ने मानव श्रृंखला बनाकर पहुंचाया अस्पताल

**रायगढ़।** शहर में व्हीव्हीआई आगमन को लेकर काफी भीड़ थी। इसी दरमियान शाम करीब 6.30 बजे घरघोड़ा से रायगढ़ प्रसूति के लिए निजी वाहन में केजीएच अस्पताल जा रही वाहन भीड़ में फंस गई। जानकारी के मुताबिक ग्राम कुडूमकेला की गर्भवती महिला श्रीमती मोहरमति सीएचसी घरघोड़ा में प्रसव के लिये भर्ती थी जिसे रायगढ़ अस्पताल रिफर किया गया। महिला का परिवार उसे निजी वाहन में लेकर केजीएच अस्पताल आ रहे थे। जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचने को लेकर वे आज प्रतिबंधित किए गए मार्ग में प्रवेश कर एसपी ऑफिस के समीप भीड़ में फंस गए और आगे नहीं बढ़ पा रहे थे। निजी वाहन होने के कारण किसी का ध्यान वाहन में प्रसव पीड़ा में तड़प रही महिला की ओर नहीं गया। तभी ड्यूटी पर तैनात थाना कोतवाली के प्रधान आरक्षक हेमंत पात्रे और साइबर सेल के स्टाफ नवीन शुक्ला रोड़ क्लीयर कराने वाहन के पास पहुंचे। तब उन्हें वाहन में गर्भवती महिला के होने की जानकारी मिलीए महिला की स्थिति बेहद गंभीर थीए वाहन में ही शिशु जन्म देने वाला था। पुलिसकर्मियों ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुये मार्ग पर व्यवस्था में लगे पुलिस अधिकारियों और जवानों को वाहन में सीरियस मरीज होने की जानकारी देकर मार्ग के दोनों और मानव श्रृंखला बनाते हुए पूरा रोड क्लियर करते हुए वाहन को अस्पताल तक पहुंचाए, जहां कुछ देर बाद श्रीमती मोहरमति ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दी जिन्हें उचित उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।







